आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांक: 20.12.2024 समय : 18.30 पीएम

- जयपुर में हुए गैस टैंकर हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हुई–14 की हालत गंभीर।
- मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने राहत राशि देने की घोषणा की।
- जैसलमेर में राज्यों के वित्त मंत्रियों और आला अधिकारियों की प्री बजट बैठक जारी–जीएसटी काउन्सिल की 55वीं बैठक कल।
- राज्य विधानसभा का काम अगले सत्र से पूरी तरह पेपरलेस होगा।
- राजस्थान पुलिस और स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के बीच पुलिस के सैलेरी पैकेज पर एमओयू हुआ।

000

जयपुर के भांकरोटा क्षेत्र में हुए गैस टैंकर हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। घायलों का जयपुर के सवाईमानसिंह अस्पताल में इलाज चल रहा है। इनमें से 14 की हालत गंभीर बनी हुई है। एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी ने बताया कि विभिन्न विभागों के सहयोग से सभी मरीजों के उपचार के लिए विशेष इंतजाम किये गये हैं और नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है

................

एक घायल व्यक्ति की मृत्यु जयपुरिया अस्पताल में हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से फोन पर बात कर दुर्घटना की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया।

प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की है। वहीं घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

इससे पहले, राज्य सरकार ने भी मृतकों के परिजनों और घायलों को सहायता राशि देने की घोषणा की। मृतकों के परिवारों को पांच–पांच लाख रुपये और गंभीर घायलों को एक–एक लाख रुपये दिये जाएंगे।

उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड ने अस्पताल पहुंचकर घायलों की कुशलक्षेम पूछी। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत में हादसे के कारण और उससे हुई जनहानि के बारे में विस्तार से जानकरी दी।

................

इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भी एसएमएस अस्पातल पहुंचकर घायलों की हालत की जानकारी ली।

000

जैसलमेर में आज राज्यों के वित्त मंत्रियों और वित्तीय प्रबंधन से जुडे आला अधिकारियों की प्री बजट बैठक आयोजित की जा रही है। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बैठक की अध्यक्षता कर रही हैं। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी भी इसमें हिस्सा ले रही हैं। बैठक में गोवा, हरियाणा,जम्मू कश्मीर, मेघालय और ओडिशा के मुख्यमंत्री भाग ले रहे हैं। इसके साथ ही अरूणालचल प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश और तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री भी मौजूद हैं। बैठक के दौरान, राज्यों के वित्त मंत्री अगले साल 1 फरवरी को पेश किए जाने वाले बजट के लिए अपनी सिफारिशें पेश करेंगे। श्रीमती सीतारमण कल जीएसटी काउन्सिल की 55वीं बैठक लेंगी। बैठक में सामान्य वस्तुओं पर कर दरों को घटाने के बारे में विचार विमर्श किया जाएगा।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि विद्यार्थी शिक्षा के साथ–साथ जीवन कौशल भी हासिल करें। वे आज नवी मुम्बई में अखिल भारतीय पश्चिम क्षेत्र कुलपति सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कुलपतियों का आह्वान किया कि वे भारत को विश्व की ज्ञान महाशक्ति बनाने की दिशा में काम करें। सम्मेलन में राजस्थान, महाराष्ट्र, गोवा और गुजरात के विश्वविद्यालयों के कुलपति भाग ले रहे हैं।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज कोटपूतली–बहरोड़ जिले के नीमराणा में उद्योगपतियों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास के लिए ज्यादा से ज्यादा निवेश का आह्वान किया। इससे पहले उन्होंने काठ का माजरा में एएसआई सुरेंद्र सिंह के घर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल और पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि नए साल में शुरू होने वाला विधानसभा सत्र पूरी तरह डिजिटल और नए कलेवर में होगा। श्री देवनानी आज अपना विधानसभा अध्यक्ष के रूप में एक साल का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक साल में संसदीय परम्पराओं को समृद्ध बनाने तथा नवाचार करने का प्रयास किया गया है। श्री देवनानी ने कहा कि इसी साल के अंत तक सदन को डिजिटल करने का काम पूरा हो जाएगा और यह एक बड़ी उपलब्धि होगी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वन नेशन –वन एप्लीकेशन के तहत ई विधान एप्लीकेशन का उपयोग किया जाएगा।

...............

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन अधिक दिनों तक चले, साथ ही सदस्यों को उनके सवालों के जवाब समय पर मिले, इसके लिए भी लगातार प्रयास किये गए हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा के पास बनाया गया कॉन्स्टिट्यूशन क्लब भी जनवरी से शुरू हो जाएगा।

000

राजस्थान पुलिस और स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के बीच 'राजस्थान पुलिस सैलेरी पैकेज' पर आज एमओयू किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में हुए इस एमओयू के तहत पुलिस कर्मियों की दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके परिजनों को 1 करोड़ 20 लाख रुपये, स्थाई विकलांगता की स्थिति में 1 करोड़ 10 लाख रुपये तथा स्थाई आंशिक विकलांगता पर 80 लाख रुपये का परिलाभ दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एमओयू पुलिस कर्मियों और उनके परिवारजनों के कल्याण की दिशा में एक अहम कदम है। राज्य सरकार आने वाले समय में राजस्थान पुलिस के कार्मिकों के कल्याण के लिए और भी आवश्यक कदम उठाती रहेगी। इस एमओयू के तहत पुलिस कर्मियों को हवाई यात्रा में दुर्घटना होने पर 2 करोड़ 70 लाख रुपये, प्लास्टिक सर्जरी अथवा बर्न के मामलों में 10 लाख रुपये, एयर एम्बुलेंस के लिए 10 लाख रुपये और एम्बुलेंस के लिए 50 हजार रुपये के भुगतान का प्रावधान है। ये सभी परिलाभ ऑन ड्यूटी और ऑफ ड्यूटी दोनों स्थितियों में देय होंगे।

000

बीकानेर के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में युद्धाभ्यास के दौरान अपनी जान गंवाने वाले बीएसएफ के हवलदार जितेन्द्र सिंह का आज उनके पैतृक गांव दौसा के गाज़ीपुर में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और आम लोगों ने शिरकत की।
मुम्बई नाव हादसे में जान गंवाने वाले नेवी के कमांडो महेन्द्र सिंह शेखावत का आज उनके पैतृक गांव जयपुर के जूनसिया में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले उनके अंतिम दर्शन के लिए पार्थिव देह जयपुर के सैनिक अस्पताल में रखी गई।

उधर, झुंझुनू जिले के बनगोठड़ी खुर्द के निवासी बीएसएफ के जवान राजेश कुमार पूनियां की भी आज अंत्येष्टी की गई। गौरतलब है कि राजेश कुमार पिछले कुछ दिन से बीमार थे और जयपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। उनका बुधवार को निधन हो गया था।

000

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और इंडियन नेशनल लोकदल के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश चौटाला का आज निधन हो गया। वे 89 वर्ष के थे। सांस लेने में तकलीफ के चलते उन्हें आज सुबह गुरूग्राम के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। ओम प्रकाश चौटाला सात बार विधायक और पांच बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने श्री चौटाला के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपने संदेश में ईश्वर से शोक संतप्त परिजनों को ये दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

000

राज्य में ज्यादातर स्थानों पर न्यूनतम तापमान में बढोतरी हुई है। सबसे कम 2 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान फतेहपुर में दर्ज हुआ। संगरिया में 3 दशमलव 3 डिग्री, करौली में 3 दशमलव 4, सिरोही में 4 दशमलव 7, बीकानेर में 4 दशमलव 8 तथा नागौर, श्रीगंगानगर और अलवर में 5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। अन्य स्थानों पर भी पारा चढ़ा है। मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों में न्यूनतम तापमान में थोडी गिरावट होने और शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं शीतलहर चलने की संभावना जताई है। 22–23 दिसम्बर से न्यूनतम तापमान में फिर से बढोतरी के आसार हैं।

000

कल विश्व ध्यान दिवस मनाया जाएगा। यह विश्व में कल्याण, शांति और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक वैश्विक पहल है। इस महीने की शुरुआत में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सर्वसम्मति से 21 दिसम्बर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में मनाने के लिए भारत की ओर से दिये गये प्रस्ताव को स्वीकार किया था। ध्यान दिवस की थीम "वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए ध्यान" रखी गई है।

000